winsome
Textile Industries Ltd.
SCO # 191-192, Sector 34-A
Chandigarh - 160 022 INDIA
Tel. :+91-172-2603966, 4613000
Fax : +91- 172 - 4646760
CIN : L17115HP1980PLC005647
E-mail : wtil@winsometextile.com
Website : www.winsometextile.com

**Ref. No. WTIL/SECT/2025-2026:0080**
**Date: 09th February 2026**

Scrip Code: 514470

**BSE Limited**
**Corporate Relationship Deptt.**
**Dalal Street, Fort**
**Mumbai-400001.**

**Subject: Newspaper Advertisements**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 30 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, please find enclosed herewith newspaper(s) clippings of Un-Audited Financial Results for the Quarter and nine months period ended 31st December 2025 as published in "Financial Express" English edition and "Jansatta" Hindi edition.

You are requested to take the same on your record.

Thanking you

Sincerely yours

**For Winsome Textile Industries Limited**

VIDESHWAR SHARMA
Digitally signed by VIDESHWAR SHARMA
Date: 2026.02.09 12:38:06 +05'30'

Videshwar Sharma
**Company Secretary & Compliance Officer**
ACS-17201

**Encls: - a/a**

## सरकार को हरियाणा लोक सेवा आयोग का नाम बदल देना चाहिए : हुड्डा

चंडीगढ़, 7 फरवरी (जनसत्ता)।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा कि नाम बदलने में माहिर भाजपा सरकार को एचपीएससी (हरियाणवी पब्लिक सर्विस कमीशन) का नाम भी बदल देना चाहिए। इसे बदलकर जीएचपीएससी (गैर-हरियाणवी पब्लिक सर्विस कमीशन) कर देना चाहिए। क्योंकि ये संस्था जानबूझकर हरियाणा की नौकरियां अन्य राज्यों के लोगों को दे रही है और हरियाणा लोक सेवा आयोग के पदों को खाली रखकर हरियाणा के युवाओं को उच्च पदों से वंचित रखने की साजिश रच रही है।

शनिवार को चंडीगढ़ में हुड्डा ने कहा कि एचपीएससी अब 'सिलेक्शन कमीशन' के बजाय 'रिजेक्शन कमीशन' बन चुका है। पिछले 11 साल से भाजपा सरकार युवाओं को गुमराह कर रही है। हरियाणा सरकार ने कृषि विभाग में कृषि विकास अधिकारी के सौ पदों की भर्ती प्रक्रिया को साढ़े तीन साल बाद रद्द कर दिया है। वर्षों के पीजीटी कंप्यूटर साइंस के 1,711 पदों की भर्ती का परिणाम आया, लेकिन सिर्फ 39 उम्मीदवार ही उत्तीर्ण हुए।

# प्रतिनियुक्ति कर्मियों को अब मूल विभाग में देनी होगी ड्यूटी

चंडीगढ़, 7 फरवरी (जनसत्ता)।

**हरियाणा** शिक्षा निदेशालय ने सभी जिलों से मांगी सूची।

हरियाणा के स्कूलों तथा शिक्षा विभाग में बाहरी राज्यों तथा दूसरे विभागों से आकर प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) पर काम करने वाले शिक्षकों व कर्मियों पर अब कार्रवाई होगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों से डेपुटेशन पर नियुक्त शिक्षकों की सूची तलब की है।

शिक्षा विभाग में एक तरफ जहां कर्मियों का टोटा है। वहीं, दूसरी तरफ पंचकूला समेत कई जिले ऐसे हैं जहां अतिरिक्त संख्या में शिक्षक व कर्मी तैनात हैं। यही नहीं हरियाणा के बहुत से शिक्षक अपने प्रभाव के चलते कई वर्षों से चंडीगढ़ में ड्यूटी दे रहे हैं।

अब शिक्षा विभाग ने इस मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। निदेशालय की ओर से स्पष्ट हिदायत दी गई है कि सभी डीईईओ अपने-अपने जिलों में कार्यरत ऐसे सभी शिक्षकों की सूची तुरंत उपलब्ध कराएं, जो वर्तमान में शिक्षा विभाग से बाहर अन्य विभागों या राज्यों में सेवाएं दे रहे हैं। महानिदेशक मौलिक शिक्षा की ओर से जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यह जानकारी विशेष रूप से पीआरटी, सीएंडवी, टीजीटी तथा ईएसएचएम (पीआरटी अतिथि अध्यापक सहित) श्रेणी के शिक्षकों से संबंधित है। महानिदेशक की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी जिले के शिक्षक किसी अन्य विभाग या राज्य में प्रतिनियुक्त हैं, तो उनकी नियुक्ति तिथि, प्रतिनियुक्ति की अवधि और वर्तमान कार्यस्थल का पूरा विवरण अनिवार्य रूप से तैयार किया जाए। विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि शिक्षकों की वास्तविक तैनाती और विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है।

शिक्षा विभाग को विभिन्न जिलों से यह जानकारी मिल रही थी कि बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षा कार्य से हटकर अन्य विभागों अथवा बाहरी प्रतिनियुक्तियों में कार्यरत हैं, जिससे विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और शैक्षणिक व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। माना जा रहा है कि सूची प्राप्त होने के बाद विभाग शिक्षकों की प्रतिनियुक्तियों की समीक्षा करेगा और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें पुनः विद्यालयों में लौटाने के निर्देश जारी किए जाएंगे।


## विनसम टैक्सटाइल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड

CIN: L17115HP1980PLC005647, पंजी. कार्यालय: 1, इंडस्ट्रीयल एरिया, बद्दी, जिला सोलन (हि.प्र.)-173205
फोन: 01795-244045, फैक्स: 01795-244287, ई-मेल: cswtil@winsometextile.com, www.winsometextile.com

**दिनांक 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही तथा नौ महीनें के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(इपीएस डाटा को छोड़कर रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ महीनें | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2025 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2025 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2024 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2025 (अलेखापरीक्षित) | 31.12.2024 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2025 (लेखापरीक्षित) |
| प्रचालनों से कुल आय | 20805 | 22264 | 20127 | 65338 | 64290 | 86816 |
| कर, विशेष तथा/या असाधारण मदों से पूर्व शुद्ध लाभ/हानि | 753 | 912 | 750 | 2581 | 2642 | 3511 |
| कर से पूर्व शुद्ध लाभ/हानि (विशेष तथा/या असाधारण मदों के बाद) | 753 | 912 | 750 | 2581 | 2642 | 3511 |
| कर के बाद शुद्ध लाभ/(हानि) | 531 | 669 | 549 | 1886 | 2113 | 2807 |
| कुल व्यापक आय | 529 | 668 | 554 | 1883 | 2128 | 2813 |
| भुगतान इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य-10/-रु. प्रति) | 1982 | 1982 | 1982 | 1982 | 1982 | 1982 |
| आरक्षित | - | - | - | - | - | 28337 |
| आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का) (जारी और बंद प्रचालनों के लिए) (वार्षिकी नही) | | | | | | |
| - मूल | 2.67 | 3.37 | 2.80 | 9.50 | 10.74 | 14.19 |
| - तनुकृत | 2.67 | 3.37 | 2.80 | 9.50 | 10.74 | 14.19 |

**टिप्पणी:** उपरोक्त विवरण सेबी (आपत्तियों के सूचीकरण तथा अन्य प्रकृटीकरण अपेक्षांए) विनियमनों, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत शेयर बाजार में दाखिल की गई समाप्त तिमाही तथा नौ महीनें के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। कथित समाप्त तिमाही तथा नौ महीनें के वित्तीय परिणामों का संपूर्ण विवरण शेयर बाजार की वेबसाईट अर्थात www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाईट अर्थात www.winsometextile.com पर उपलब्ध हैं।

हिते एवं कृते बोर्ड
हस्ता./- आशीष बगरोडिया
अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक
DIN: 00047021

दिनांक: 07.02.2026
स्थान: चंडीगढ़